## धूमधाम से निकाली गई जगन्नाथ रथयात्रा

**गाडरवारा, देशबन्धु।** रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। सुंदर रथ पर सजा कर भगवान श्रीकृष्ण, भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा को नगर भ्रमण कराया गया। जगदीश मंदिर से भ्रमण करती हुई मंदिर से पूजन अर्चना एवं भंडारे के उपरांत प्रारंभ हुई रथयात्रा पुरानी गल्ला मंडी, झंडा चौक, चोकी मुहल्ला सहित नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पटैल वार्ड में जाकर समाप्त हुई। इस दौरान लोग रथ खींच कर निहाल हुए।

रास्ते भर भगवान के जयकारे और झूमते हुए लोगों का जत्था चलता रहा, जिस स्थान से यह यात्रा गुजर रही थी वहां का माहौल भक्तिमय हो जा रहा था। इस दौरान कई जगहों पर धर्म प्रेमियों ने प्रसाद वितरित किय। रथ यात्रा से पहले जगन्नाथ मंदिर में स्नान आदि के उपरांत भगवान जगन्नाथ का अभिषेक किया। उनकी विशेष आरती की गई। इस मौके पर जगन्नाथ मंदिर की आकर्षक सजावट की गई। वहां से आरंभ होकर रथ यात्रा ने पूरे बाजार का भ्रमण किया. रथ यात्रा के बाद महा प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया।



बता दें हिदू धर्म में भगवान विष्णु के अवतार कृष्ण को जगन्नाथ के नाम से जाना जाता है. उन्हें अखिल विश्व का पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि उनकी आराधना में निकाली गई रथयात्रा को लेकर लोगों में अपार श्रद्धा व भक्ति की भावना देखने को मिलती है।

## नशा मुक्त भारत परववाड़े के अंतर्गत हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत विश्व नशा विरोध दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के तहत् भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



यह कार्यक्रम संस्था प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीएस मर्सकोले के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक समिति के रूप में प्रो.केशव पांडेय, डॉ.नमिता साहू, प्रो.प्रीति कौरव तथा श्रीमती कल्पना साहू मौजूद रहे। उन्होंने भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। प्रतिभागीयों ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से भाषण प्रतियोगिता में अपने अपने विचार रखें। उन्होनें बताया कि तम्बाकू,जर्दा,सिगरेट, शराब के विकल्प के रूप में इलायची लौंग या सौंप भी ले सकते है। लेकिन नशा न करें नशा एक सामाजिक अभिशाप है। नशे से शारीरिकआर्थिक मानसिक और देश की जीडीपी पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है जो हम सब की उन्नति पर असर होता है। अत: नशा नाश की जड़ है नशा नहीं करें। भाषण प्रतियोगिता में दिनेश अग्रवाल ने प्रथम स्थान, मनीषा राजपूत ने द्वितीय स्थान तथा हर्षित चौरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतियोगियों को मेडल और प्रशस्तिपत्र से नवाजा गया।

### सार-समाचार

## मनरेगा योजनांतर्गत किये गये कार्यो का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य एक जुलाई से



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिले की सभी 450 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2024- 25 में मनरेगा योजना अंतर्गत किये गये समस्त कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण का कार्य एक जुलाई से प्रारंभ होगा। इसके साथ- साथ वर्ष 2022- 23 एवं 2023- 24 में श्रम विभाग के अंतर्गत मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल की अनुग्रह सहायता राशि एवं आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों का भी सामाजिक अंकेक्षण का कार्य होगा। यह कार्य ग्राम पंचायत की स्थानीय संपरीक्षा समिति द्वारा ग्राम सभाओं के माध्यम से किया जाएगा। संपरीक्षा समिति के प्रशिक्षण के लिए विलेज सोशल एनीमेटर तैनात किये गये हैं। विलेज सोशल एनी मेटर के उन्मुखीकरण कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने बताया कि इस कार्य के सत्यापन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में 4 दिवस निर्धारित किये गए हैं। पहले दिवस ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जिले में कर्मकार मण्डल की अनुग्रह सहायता एवं आयुष्मान हितग्राहियों का सामाजिक अंकेक्षण प्रथम बार होने के संबंध में बताया गया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड नरसिंहपुर की वार्षिक बैठक आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण बोर्ड की वार्षिक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एएसपी श्री संदीप भूरिया सहित सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय सदस्य मौजूद थे। बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल भार्गव (सेनि.) ने कार्यालय के विभिन्न दायित्वों एवं कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने केन्द्रीय सैनिक बोर्ड एवं संचालनालय सैनिक कल्याण मप्र द्वारा सैनिकों, सैनिक विधवाओं एवं उनके आश्रितों को दी जा रही सुविधाओं, सहायताओं, छात्रवृत्तियों व आर्थिक सहायताओं के बारे में विस्तार से बताया। पिछले वित्त वर्ष में जिन पूर्व सैनिकों व सैनिक विधवाओं और उनके आश्रितों को जो भी वित्तीय सहायता दी गई उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कलेक्टर ने पूर्व सैनिकों की समस्याओं को संज्ञान मे लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। सैनिक कल्याण अधिकारी ने पिछले तीन वर्षों के दौरान सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि के संग्रहण की जानकारी दी। वर्ष 2025- 26 के लक्षित राशि को हासिल करने के लिए सहयोग की अपील की, जिस पर कलेक्टर ने आश्वासन दिया।

## अस्पताल में मानव सेवा संघ की भोजन प्रसादी का शुभारंभ

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मानव सेवा संघ के नवीन सेवा प्रकल्प के अंतर्गत भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा के शुभ दिन शुक्रवार को मरीजों के परिजनों को शुद्ध व सात्विक भोजन प्रसादी का शुभारंभ किया गया। मरीजो के एक परिजन को मात्र 5 रुपये में यह सुविधा मिलेगी। अस्पताल परिसर में आयोजित सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ मां अन्नपूर्णा की पूजा अर्चना के साथ किया गया।




इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि मानव सेवा संघ की सेवा सराहनीय है काम कोई भी हो नियत ओर नीति अगर अच्छी है, तो जिस उद्देश्य को लेकर आप काम कर रहे हो उसमे निश्चित रूप से सफलता मिलती है। मरीजो के परिजनों को इस नई सेवा से लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक नरेश पाठक ने मानव सेवा संघ द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता। मानव सेवा संघ के सभी सदस्य बधाई के पात्र है जो प्रतिदिन अस्पताल में खिचड़ी वितरण का कार्य करते हैं अब उन्होंने भोजन प्रसादी भी चालू कर दी है मानव सेवा संघ की सेवा भावना से निश्चित रूप से अस्पताल में लोगों को मदद मिलेगी।


कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ अखिलेश गुमास्ता, रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा ने कहा कि निश्चित रूप से मानव सेवा संघ मानवता के प्रति सहृदयता का परिचायक है। यह सद्भावना एवं परोपकार की भावना को प्रदर्शित करती है। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने मानव सेवा संघ को सेवा कार्य हेतु एक वाटर कूलर देने की घोषणा की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए मानव सेवा संघ के मिनेन्द्र डागा ने कहा कि इस सेवा कार्य मे मानव सेवा संघ को दान दाताओ का सहयोग भी मिलता है ओर सेवा संघ परिवार रोज खिचड़ी वितरण में अपनी निरंतर सेवाएं देता है मानव सेवा संघ के प्रमुख ब्रजरन काबरा ने स्वागत भाषण ने सभी अतिथियों व सभी साथियों का आत्मीय स्वागत किया व हरीश स्थापक द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि विगत 6 वर्षो से अस्पताल परिसर में सेवा संघ द्वारा खिचड़ी का वितरण निरंतर हो रहा है, अब नवीन सेवा प्रकल्प के साथ मरीजों के परिजनों को शुद्ध व सात्विक भोजन प्रसादी प्रारंभ की है ।

अंत में आभार प्रदर्शन वरिष्ठ सदस्य अनूप जैन ने किया इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नवनीत चाचा, विनीत माहेश्वरी, दयोदय गौशाला समिति के अध्यक्ष राजीव जैन थाला वाले, जवाहर शर्मा, महेश रघुवंशी, अरविंद खरे, अरुण तिवारी, अरविंद दुबे, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, विनोद गुप्ता, रामस्वरूप पटेल सहित सेवा संघ की पूरी टीम व जनप्रतिनिधि गण की उपस्थिति रही ।

## विधायक सांसद निधि में जमकर लगाये नियम विरुद्ध फर्जी जीएसटी बिल

**गोटेगांव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत गोटेगांव के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत झौंत में लाखों के भ्रष्टाचार की चर्चा इस समय सुर्खियों में बनी हुई है, जहाँ समाजसेवी वरिष्ठ पत्रकार अभय बानगात्री द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को लिखित शिकायत दी है जिसमें उन्होंने बताया कि झौंत पंचायत में व्यापक पैमाने पर नियमों को ताक पर रखकर भ्रष्टाचार किया गया है। योगेश दुबे के नाम के सबसे ज्यादा फर्जी जीएसटी बिल लगाये गए हैं।




एक बिल ऐसा चर्चा आया जिसमें बिल किसी और का लगा है और भुगतान योगेश दुबे को किया गया। वित्तीय अनियमितता के एक नहीं कई प्रमाण हैं झौतेश्वर पंचायत के 5 वें, 15 वें वित्त की राशि, पंचपरमेश्वर योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया गया फर्जी बिलों द्वारा राशि निकाली गई, जिसके बिल दस्तावेज पत्रकार द्वारा पंचायत दर्पण पोर्टल से निकालकर जिला पंचायत सीईओ के समक्ष प्रस्तुत किये। उक्त मामले में सचिव का एक बयान चर्चा में आया जिसमें वो स्वयं त्रस्ञ के फर्जी बिल को स्वीकार कर रहे हैं और पंचायत में भ्रष्टाचार की बात भी कह रहे हैं जिस पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं कि सचिव स्वयं वित्तीय अधिकार रखते हुए पंचायत में भ्रष्टाचार की बात स्वीकार कर रहा है। शिकायत कर्ता पत्रकार अभय बानगात्री ने बताया कि झौंत पंचायत में विगत 5 वर्षों में बहुत भारी भ्रष्टाचार हुआ है जिसमें 5 वें, 15 वें वित्त की राशी में, पंचपरमेश्वर योजना में नियम विरूद्ध भ्रष्टाचार किया गया जिसकी उच्च अधिकारियों को भनक तक नहीं लगी।

### झौंतेश्वर पंचायत में भ्रष्टाचार का मामला

पत्रकार की शिकायत पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा जांच के आदेश जारी कर दिये हैं लेकिन अब देखना होगा कि शिकायत पर कितनी निष्पक्ष जाँच होती है क्योंकि गोटेगांव की धार्मिक नगरी झौतेश्वर जहाँ बड़े बड़े नेताओं का जमावड़ा लगता है उक्त मामले में राजनीति का अखाड़ा बनकर ना रह जाये क्योंकि नेताओं के हस्तक्षेप पर निष्पक्ष जाँच ना होने का अंदेशा है।

ताजा जानकारी अनुसार सरपंच सचिव को बचाने एक लंबी टीम तैयार हो गई जो इन्हें बचाने राजनीतिक पहुँच का भरसक प्रयास कर रहे हैं?

अभय बानगात्री ने बताया कि निष्पक्ष जाँच ना होने पर, बड़े भ्रष्टाचार के इस मामले को हम हाईकोर्ट माननीय न्यायालय की शरण में ले जायेंगे जिसमें जनपद और जिला पंचायत के अधिकारियों को भी जाँच के घेरे में लिया जायेगा।

## एक माह में सौ से अधिक सांपों का रेस्क्यू, सर्पदंश के मामलों में आई कमी

**अनूपपुर, देशबन्धु।** बरसात के आगमन के साथ ही अनूपपुर जिले में विभिन्न प्रजातियों के सर्पों का सक्रियता से निकलना प्रारंभ हो गया है। सांपों की बढ़ती गतिविधियों के बीच जिले के सर्प प्रहरियों ने उल्लेखनीय कार्य करते हुए एक माह के भीतर 100 से अधिक विषैले एवं गैर-विषैले सर्पों का रेस्क्यू कर उन्हें जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ा है। यह मुहिम जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित जैतहरी, कोतमा, अमरकंटक व ग्रामीण अंचलों में जारी है। रेस्क्यू किए गए सर्पों में कोबरा, बैण्डेड करैत, रसेल वाइपर, धामन, अजगर, पानी का सांप, गोह, तिरिछ आदि शामिल हैं। इस अभियान में सक्रिय सर्प प्रहरियों में शशिधर अग्रवाल, छोटेलाल यादव, डी.पी. सेन, डी.के. रावत, हरिवंश प्रसाद पटेल, भास्कर कुमार वर्मे, विकास चंदेल व उनकी टीमें शामिल रहीं, जिन्होंने ग्रामीणों की जान बचाने और सांपों के संरक्षण की दिशा में दिन-रात कार्य किया। सिर्फ रेस्क्यू ही नहीं, बल्कि सर्प प्रहरियों और विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर जागरूकता शिविर, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण तथा ग्रामीणों को सर्पदंश के प्राथमिक उपचार की जानकारी भी दी।

## दूसरों के आधार कार्ड के जरिए ले लिया लोन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** जालसाजी और ठगी के मामले जन्मदिन बढ़ते जा रहे हैं लोग अलग-अलग हथकंडों के जरिए ठगी को अंजाम दे रहे। ताजा वाकया गाडरवारा निवासी राहुल पांडे का है जिसमें आधार कार्ड का उपयोग कर पैंतीस हजार रुपए का लोन लेने का है।

मामला यह है कि जालसाजो ने राहुल के आधार कार्ड का इस्तेमाल कर मुंबई में बजाज फाइनेंस लिमिटेड से तथा धनी एप के माध्यम से दो अज्ञात लोगों ने पैंतीस हजार रुपए का लोन ले लिया। उन्हें तब पता चला जब उन्होंने बैंक में लोन लेने के लिए आवेदन किया तब बैंक द्वारा बताया गया कि आपको पूर्व में लिया गया लोन चुकता करना आवश्यक है। जबकि राहुल के द्वारा किसी प्रकार का कोई लोन नहीं लिए जाने की बात कही गई।

**थाने में शिकायत की** - इसके बाद राहुल ने बैंक से पूरी जानकारी जुटाकर

### मामला दर्ज



आधार कार्ड के गलत तरीके से इस्तेमाल कर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फाइनेंस कंपनियों से लोन लेने की पुलिस थाने, बजाज कंपनी प्राइवेट लिमिटेड तथा ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है।

### फ्रॉड से बचने के तरीके

साइबर विशेषज्ञ द्वारा बताया जाता है कि फ्रॉड होने पर सावधानियां रखें जिसमें आपको अगर ऐसा लगता है कि आपके आधार का गलत इस्तेमाल हुआ है तो आपको तुरंत शिकायत करना चाहिए। इसके लिए आप यूआईडीएआई हेल्पलाइन नंबर 1947 पर कॉल करें या ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराए।

### रखें यह सावधानियां

अपना आधार कार्ड संभाल कर रखें और किसी को ना दें। फर्जी आधार कार्ड पैन कार्ड बनाकर भी ठगी को अंजाम दिया जा रहा है इसलिए अपना आधार नंबर किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा ना करें। यूआइडीएआइ अप के जरिए आधार कार्ड को लॉक और अनलॉक करने का विकल्प भी है। इसे अनलॉक कर दें इससे आधार का दुरुपयोग नहीं होगा।

## उद्यमी भारत एमएसएमई डे 2025 विषय पर सेमिनार आयोजित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** 1 एम पी बटालियन एन सी सी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडास के निर्देशानुसार सोशल सर्विस एण्ड कम्युनिटी डेवलपमेंट के अंतर्गत एम आई एम टी कॉलेज नरसिंहपुर में संचालित एन सी सी कंपनी द्वारा ''उद्यमी भारत एमएसएमई डे 2025'' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम कर्नल अनिल भार्गव जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल भार्गव ने कहा कि एनसीसी संगठन समाज में चरित्र, साहस, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टि कोण, साहसिक भावना और निस्वार्थ सेवा को आत्मसात करने हेतु युवाओं को संगठित प्रशिक्षित एवं प्रेरित कर रहा है। इसी क्रम में उन्होने उद्यमी भारत एवं बदलता भारत योजना अंतर्गत एन सी सी कैडेटिस को र्स्टाटअप हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. गर्ग ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के माध्यम से देश की आर्थिक वृद्धि, नीतियां, नवाचार और चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा युवाओं को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया। डॉ. दीपिका शर्मा, विभाग अध्यक्ष शिक्षा संकाय द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ एवं भारत सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन तथा रोजगार के अवसर विषय पर विकास, लक्ष्यों को प्राप्त करने एमएसएमई दिवस की उपयोगिता को निरूपित किया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार ले. जितेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। सेमिनार मे उपस्थित पूर्व एनसीसी कैडेट्स स्टाफ मेंबर्स एवं सीनियर डिवीजन और सीनियर विंग के कैडेट्स द्वारा महत्वपूर्ण विषय वैश्विक अर्थव्यवस्था और भारत पर सारगर्भित परिचर्चा की गई।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

प्रवेश प्रारंभ

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883